# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 जुलाई, 2023

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंक : 481


## निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी ने किया वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण



वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जय प्रकाश द्विवेदी ने दिनांक 01.08.2023 को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के निदेशक (कार्मिक) का अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया।

श्री द्विवेदी कोयला खनन में श्रम-शक्ति के समुचित नियोजन की दिशा में किए सफल कार्यों के लिए जाने जाते है। उनका कोयला उद्योग में 36 वर्षों से अधिक का दीर्घ अनुभव है। उन्होंने आईआईटी-बीएचयू वाराणसी से खनन इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के उपरान्त वर्ष 1986 में एक खनन अभियंता के रूप में कोल इंडिया में अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान वेकोलि के सिवाय एसईसीएल, ईसीएल और एनसीएल में अपनी सेवाएं दी है। उनके इस दीर्घ अनुभव का वेकोलि को निश्चित ही लाभ मिलेगा।

निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण करने पर श्री द्विवेदी को वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर मेहेत्रे एवं वरिष्ठ अधिकारी गण ने बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री जे. पी. द्विवेदी के निदेशक (कार्मिक) का कार्यभार ग्रहण करने से वेकोलि में हर्ष व्याप्त है।

## वेकोलि में प्रोजेक्ट SUSHRUTA (Survey, Understand & Solve Healthcare issues in Rural, Underprivileged and Tribal Areas) की शुरुआत




भारत में लगभग 4.2 करोड़ व्यक्तियों को स्वयं को बीटा थैलेसीमिया होने का पता नहीं होता। सिकल सेल और थैलेसीमिया आनुवंशिक होने की वजह से यह आगे की पीढ़ीयों में भी पाया जाता है। इन सिकल सेल और थैलेसीमिया के वाहकों की पहचान के लिए, यह आवश्यक है कि उन में इस विषय की जागरूकता बढ़े, उनकी स्क्रीनिंग तथा पहचान हो और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जाए।

प्रोजेक्ट SUSHRUTA के अंतर्गत वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड, लोक कल्याण डायग्नोस्टिक के सहयोग से, महाराष्ट्र के नागपुर, चंद्रपुर एवं यवतमाल जिलों तथा मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और बेतुल जिलों में रहने वाले 15-35 वर्ष आयु के 25000 व्यक्तियों की जेनेटिक विकारों जैसे सिकल सेल और थैलेसीमिया के लिए स्क्रीनिंग करेगा।

समय पर पहचान एवं समुचित परामर्श से इन विकारों से प्रभावित व्यक्तियों के लिए जीवन का बेहतर प्रबंधन संभव हो सकेगा तथा उनकी जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।



## सीएमडी श्री मनोज कुमार ने किया पाथाखेड़ा क्षेत्र का दौरा






दिनांक 22.07.2023 को वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह के साथ पाथाखेड़ा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में सभी विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। खदानों में चल रही गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए उन्होंने कोयला उत्पादन बढ़ाने हेतु यथोचित दिशा निर्देश दिए।

तत्पश्चात् उन्होंने तवा-I खदान, आंबेडकर भवन - पाथाखेड़ा, सामुदायिक भवन - शोभापुर, क्षेत्रीय हॉस्पिटल - पाथाखेड़ा तथा तवा-III खदान रोड के नव निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। दौरे में सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, पाथाखेडा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सोमेंदु कुंडू, उपक्षेत्रीय प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी गण उनके साथ उपस्थित रहे।




## कोल इंडिया लिमिटेड का लर्निंग एंड डेवलपमेंट कॉन्क्लेव - 2023 संपन्न

### कोयला क्षेत्र की चुनौतियाँ के अनुरूप श्रमशक्ति को तैयार करना आवश्यक - श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), सीआईएल






दिनांक 14.07.2023 को नागपुर के होटल रेडिसन में 'सीआईएल में उभरते प्रतिमान और मानव संसाधन विकास की बदलती गतिशीलता (Emerging PARADIGMS & Changing Dynamics of HRD In CIL)' की थीम पर आधारित कोल इंडिया लिमिटेड का लर्निंग एंड डेवलपमेंट कॉन्क्लेव - 2023 का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि, श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), कोल इंडिया लिमिटेड थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कोयला उद्योग की तरक़्क़ी के लिए कोयला क्षेत्र की चुनौतियाँ के अनुरूप श्रम शक्ति को तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा की प्रबंधन में नई स्किल तथा सोच ज़रूरी है, तभी वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सकता है। इसमें मानव संसाधन विभाग की भूमिका को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि मैन पॉवर का सही नियोजन और उनका समुचित प्रशिक्षण आवश्यक है तथा इस दिशा में प्रेरक माहौल बना कर कर्मियों का मनोबल हमेशा ऊंचा रखें।

समापन सत्र में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कहा कि बदलाव की छोटी पहल भी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन पूरे कोल इंडिया के लिए पथ प्रदर्शक साबित होगा। उन्होंने इस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व वेकोलि पर सौंपने के लिए सीआईएल के प्रति आभार प्रकट किया।

कोल इंडिया गीत के साथ प्रारंभ इस सम्मेलन में स्वागत एवं प्रस्ताविक संबोधन डॉ. संजय कुमार, निदेशक (कार्मिक), वेकोलि ने किया। उन्होंने इस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व वेकोलि पर सौंपने के लिए सीआईएल के प्रति आभार प्रकट किया।

सम्मेलन में सीएमपीडीआई के निदेशक (कार्मिक) श्री एस. के. गुमाश्ता तथा आईआईसीएम, राँची की कार्यकारी निदेशक श्रीमती कामाक्षी रंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

अतिथि वक्ताओं ने लर्निंग एंड डेवलपमेंट से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालते हुए, प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने लर्निंग एंड डेवलपमेंट के सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। बड़ी संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों ने वक्ताओं से प्रश्न पूछे। कॉन्क्लेव के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (मासंवि/प्रशासन/जनसंपर्क), वेकोलि श्री पी नरेंद्र कुमार ने किया।

इस अवसर पर सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों से मानव संसाधन विभाग के प्रमुख तथा वरिष्ठ अधिकारी गण आदि की प्रमुख उपस्थिति रही। सम्मेलन का संचालन श्रीमती हरप्रित कौर, प्रबंधक (कार्मिक) तथा श्रीमती ऋतु सिंह, प्रबंधक (कार्मिक) ने किया।






## वेकोलि में कोल इंडिया अंतर कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2023-24 संपन्न



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 25 से 27 जुलाई, 2023 तक "कोल इंडिया अंतर कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2023-24" का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में टीम चैंपियनशिप एनसीएल की टीम ने जीता वही एसईसीएल की टीम उप-विजेता रही। इस टूर्नामेंट में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के साथ सीआईएल, सीसीएल, सीएमपीडीआईएल, ईसीएल, एससीसीएल, एसईसीएल, एमसीएल, एनसीएल तथा बीसीसीएल की टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट के अंतिम दिवस पर समापन एवं पारितोषिक वितरण समारोह में वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित थे।

सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में सभी टीमों को अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैच में हार या जीत से भी अधिक महत्वपूर्ण उस खेल की तैयारी है। उन्होंने टेबल टेनिस के महत्व के बारे में कहा कि यह खेल मानसिक तथा शारीरिक सबलता में वृद्धि लाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आगे भी बेहतर खेल जारी रखने को कहा तथा सभी उपस्थित कर्मियों को इस खेल को अपने दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि खेल से टीम भावना विकसित होती है, जो किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने टूर्नामेंट की विजेता टीम एनसीएल को शुभकामनाएं दी और अन्य टीमों को भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संचालन समिति के सदस्य श्री आशीष कृष्णमूर्ति ने अपने उद्बोधन में विजेता तथा उप-विजेता टीम को अपनी शुभकामनाएं दी। एनसीएल तथा एसईसीएल टीम के सभी खिलाड़ियों को अतिथि गण द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। टूर्नामेंट में पुरुष एकल में एनसीएल के श्री मोहनीश सोनी विजेता रहे वही वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के श्री. सी. श्रीराममूर्ति रनर-अप रहे। महिला एकल में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की श्रीमती अंजू बोस विजेता रहीं तथा सीएमपीडीआईएल की श्रीमती पौशाली बर्मन उप-विजेता रहीं। वेटरन सिंगल्स में एसईसीएल के श्री मनोज सिंह विजेता रहे वही वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के श्री राजेंद्र बजोडिया उप-विजेता रहे। मेंस डबल्स फाइनल में एसईसीएल की टीम विजेता रही वही वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के श्री अजय उपाध्याय तथा शैलेन्द्र सिंह उप-विजेता रहे। वूमेंस डबल्स फाइनल में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की श्रीमती अंजू बोस तथा श्रीमती नंदा उब्नारे विजेता रहीं। सभी अतिथियों ने विजेता ट्रॉफी एनसीएल तथा उप-विजेता ट्रॉफी एसईसीएल की टीम को प्रदान की।

कार्यक्रम में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के संचालन समिति, कल्याण मंडल तथा श्रमसंघ प्रतिनिधियों की प्रमुख उपस्थिति रही। साथ ही टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव श्री आशीष पोटनिस विशेष तौर पर उपस्थित रहे। दर्शक दीर्घा में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) ने किया।









वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।